भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 4648

जिसका उत्तर 21.08.2025 को दिया जाना है

नई राष्ट्रीय हाई स्पीड कॉरिडोर परियोजनाएँ

4648. श्री दिनेश चंद्र यादव:
श्री रामप्रीत मंडल:
श्रीमती लवली आनंद:
श्री गिरिधारी यादव:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का दस नई राष्ट्रीय हाई स्पीड कॉरिडोर परियोजनाएँ विकसित करने का विचार है और यदि हाँ, तो उक्त कॉरिडोर का ब्यौरा क्या है और उनकी प्रमुख विशेषताएँ क्या हैं; और

(ख) क्या सरकार का राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बारह नई परियोजनाओं को अनुमोदित करने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) सरकार ने जुलाई 2024 से 1,490 किलोमीटर की कुल लंबाई वाले 14 हाई स्पीड कॉरिडोर को मंजूरी दी है। इन कॉरिडोर की योजना संपर्कता को बढ़ावा देने, लॉजिस्टिक दक्षता में सुधार लाने और भीड़भाड़ को कम करने के लिए बनाई गई है।

1 अगस्त 2025 तक, 1,490 किलोमीटर में से 803 किलोमीटर का कार्य सौंपा जा चुका है। परियोजनाओं/ कॉरिडोर (गलियारों) का विवरण और उनकी स्थिति अनुलग्नक में दी गई है।

(ख) सरकार ने 28 अगस्त 2024 को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति के माध्यम से राष्ट्रीय औद्योगिक कॉरिडोर विकास कार्यक्रम (एनआईसीडीपी) के अंतर्गत बारह नई परियोजनाओं को स्वीकृती दी है।

12 नव स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण निम्नानुसार है:

1. आईएमसी खुरपिया, उत्तराखंड
2. आईएमसी राजपुरा, पंजाब
3. दिघी पोर्ट औद्योगिक क्षेत्र, महाराष्ट्र
4. आईएमसी पलक्कड़, केरल
5. जोधपुर- पाली - मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र, राजस्थान
6. आईएमसी हिसार, हरियाणा
7. आईएमसी आगरा, उत्तर प्रदेश
8. आईएमसी प्रयागराज, उत्तर प्रदेश
9. आईएमसी गया, बिहार
10. ओर्वाकल औद्योगिक क्षेत्र, आंध्र प्रदेश
11. कोप्पर्थी औद्योगिक क्षेत्र, आंध्र प्रदेश
12. ज़हीराबाद औद्योगिक क्षेत्र, तेलंगाना

'नई राष्ट्रीय हाई स्पीड कॉरिडोर परियोजनाएँ" के संबंध में श्री दिनेश चंद्र यादव, श्री रामप्रीत मंडल, श्रीमती लवली आनंद और श्री गिरिधारी यादव द्वारा दिनांक 21.08.2025 पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4648 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक ।

क्र. सं.	परियोजना का नाम	राज्य	लंबाई (किमी)	वर्तमान स्थिति
1	4-लेन खड़गपुर - मोरग्राम राष्ट्रीय हाई स्पीड कॉरिडोर	पश्चिम बंगाल	231	सौंपा गया
2	4-लेन अयोध्या रिंग रोड	उत्तर प्रदेश	68	उत्तरी अयोध्या बाईपास (36 किमी) - सौंपा गया दक्षिणी अयोध्या बाईपास (32 किमी) - निर्माणाधीन
3	4-लेन उत्तरी गुवाहाटी बाईपास और मौजूदा गुवाहाटी बाईपास का चौड़ीकरण/सुधार	असम	121	सौंपा गया
4	6-लेन आगरा - ग्वालियर राष्ट्रीय हाई स्पीड कॉरिडोर	मध्य प्रदेश	88	सौंपा गया
5	रायपुर-रांची राष्ट्रीय उच्च गति कॉरिडोर के पत्थलगांव और गुमला के बीच 4-लेन खंड	छत्तीसगढ	137	सौंपा गया
6	6-लेन कानपुर रिंग रोड	उत्तर प्रदेश	47	पैकेज IIक (9 किमी) - सौंपे जाने के लिए शेष पैकेज IIख (19 किमी) - निर्माणाधीन पैकेज III (19 किमी) - निर्माणाधीन
7	6-लेन थराद - दीसा - मेहसाणा - अहमदाबाद राष्ट्रीय हाई स्पीड कॉरिडोर	गुजरात	214	सौंपे जाने के लिए शेष
8	8-लेन एलिवेटेड नासिक पुणे के पास फाटा - खेड कॉरिडोर	महाराष्ट्र	30	सौंपे जाने के लिए शेष
9	पगोटे से चौक तक का विकास (एनएच-348बी)	महाराष्ट्र	29	सौंपे जाने के लिए शेष
10	सासाराम - आरा - पटना	बिहार	120	पैकेज 1 (74 किमी)- सौंपा गया पैकेज 2 (46 किमी)- सौंपा गया
11	एरोसिटी रोड- रामगढ़ (ज़ीरकपुर बाईपास)	पंजाब	19	सौंपे जाने के लिए शेष
12	आंध्र प्रदेश राज्य में पीपीपी मोड पर बडवेल से नेल्लोर (राष्ट्रीय राजमार्ग 16 पर गुरुविंदापुडी गांव) तक 4 लेन का विकास	आंध्र प्रदेश	108	सौंपे जाने के लिए शेष
13	भुवनेश्वर और कटक के लिए राजधानी क्षेत्रीय रिंग रोड	ओडिशा	111	सौंपे जाने के लिए शेष
14	शिलांग - सिलचर	मेघालय और असम	167	सौंपे जाने के लिए शेष
कुल			1,490	

*****